SCRS GOVERNMENT COLLEGE,SAWAI MADHOPUR

# नो मास्क नो एन्ट्री

# पखवाड़ा 03.10.2020

दैनिक भास्कर

सवाई माधोपुर 04-10-2020

# पीजी कॉलेज में नो मास्क-नो एंट्री पखवाड़ा शुरू, कार्मिकों व स्वयंसेवकों को दिलाई कोरोना बचाव की शपथ




सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में नो मास्क-नो एंट्री पखवाड़े की शुरुआत करते प्राचार्य।

नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शनिवार से कोरोना जागरूकता पखवाड़ा प्रारम्भ हुआ, जिसकी थीम नो मास्क-नो एंट्री रखी गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शाहिद जैदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने नो मास्क-नो एंट्री पोस्टर का विमोचन कर किया तथा सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों को कोरोना से बचाव की शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर नो मास्क-नो एंट्री के पोस्टर लगाए गए। पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। शनिवार को हुए कार्यक्रमों में एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना, कार्यक्रम अधिकारी मीठा लाल मीणा, प्रेम सोनवाल और शकील अहमद मौजूद रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों ओर संकाय सदस्यों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग रखने, बार-बार साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया।




रईस खान, सानू आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

# नो मास्क-नो एंट्री पर ऑनलाइन वेबिनार

**नगर संवाददाता | सवाई माधोपुर**

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजीव गांधी स्टडी सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी जयंती पर कोरोना वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना ने जिले में कार्यरत महाविद्यालय स्तरीय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों को अपने स्वयंसेवकों के साथ 2 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक कोरोना के विरूद्ध जनआंदोलन अभियान के तहत ''नो मास्क-नो एंट्री'' विषय पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेसिंग, बार-बार साबुन से हाथ धोने एवं वेबिनार करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। राजीव गांधी स्टडी सर्किल जिला समन्वयक डॉ. रमेश चंद वर्मा ने वेबिनार में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कोरोना वैश्विक महामारी से होने वाली मानवीय हानि एवं कोरोना से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# बेवीनार कोराना जागरूकता अभियान

# 26.10.2020

महिलाएं।

दिवाली और करवा चौथ के सीजन

अलावा बाजार में इन दिनों महिलाओं को शिफॉन की साड़ियां भी खासी

## जिले में कई जगह जागरुकता अभियान

# कोरोना से बचाव के बताए उपाय

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को एनसीसी इकाई के तत्वावधान में कोरोना जागरुकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बीएस मीणा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मास्क वितरण कर जागरूकता अभियान की शुरुआत की। कैडेट्स ने हम्मीर सर्किल, रणथंभौर रोड पर निशुल्क मास्क वितरण किया। इस दौरान गणेश प्रजापत, मनराज गुर्जर, हरिओम गुर्जर व पृथ्वी राज गुर्जर उपस्थित थे। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. ओपी शर्मा ने स्वागत किया।



सवाईमाधोपुर. पीजी कॉलेज में हुए कार्यक्रम में मौजूद लोग।




बौंली. रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रधानाध्यापक।

### रैली निकाली, मास्क बांटे

नगर परिषद के कार्मिकों ने गुरुवार को जागरुकता रैली निकाली और मास्क वितरित किए। आयुक्त रविन्द्र सिंह यादव ने बताया कि सब्जी मण्डी में सब्जी विक्रेताओं को मास्क वितरित किए गए।

### कोरोना जागरुकता को लेकर निकाली रैली

**बौंली.** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोडियाई में कोरोना जनजागरुकता अभियान जारी है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्काउट व गाइडों ने गुरुवार को जागरुकता रैली निकाली।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य मीठा लाल मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर अटल सेवा केंद्र, मुख्य बाजार होते पुनः वहीं सम्पन्न हुई। रैली प्रभारी भुवनेश शर्मा ने लोगों को कोरोना महामारी से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रसादी लाल बैरवा, बहादुरसिंह गुर्जर, सोजी यादव, कमलेश मीणा, विजय शेखर शर्मा व स्थानीय विद्यालय के स्काउट व गाइड मौजूद रहे।

### विवाह निमंत्रण पत्र कोरोना संदेश जरूरी

**सवाईमाधोपुर.** विवाह निमंत्रण पत्र में अब कोरोना जागरुकता संदेश प्रिंट करना अनिवार्य होगा। जिला कलक्टर नन्नूमल पहाड़िया ने बताया कि जिले की सभी प्रिंटिंग प्रेस को इस सम्बंध में आदेश जल्द भेजे जाएंगे। पहाड़िया इस सम्बंध में सभी एसडीएम को निगरानी रखने व आदेश का उल्लंघन होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सभी राजकीय पत्रों व उनके लिफाफों पर भी कोरोना जागरूकता संदेश लिखना अनिवार्य किया जा रहा है। कोरोना जागरूकता संदेश मिठाई विक्रेताओं को भी प्रचारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## किया स्कूल का निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

## गर्भवती महिलाओं व


भारत का संविधान
उद्देशिका
चरित्र निर्माण
की दूरी बनायें
अपनायें
Samsung Triple Camera
Shot with my Galaxy F41


# मतदाता जागरूकता अभियान

# 15.12.2020

दैनिक भास्कर

सवाई माधोपुर 16-12-2020

# पीजी कॉलेज में नए मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जागरूक



सवाई माधोपुर| पीजी कॉलेज में नवीन मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते व्याख्याता।

नसं | सवाई माधोपुर

मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2021 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए मंगलवार को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में पात्र नवीन मतदाताओं के पंजीकरण के लिए कलस्टर इनरोलमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना ने 18 वर्ष की आयु वाले नव मतदाताओं को अपने मत का महत्व बताते हुए उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी.एस. मीना ने युवा छात्र-छात्राओं को मत के प्रयोग की महत्ता, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं नाम व अन्य जानकारियों में शुद्धिकरण की प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी प्रो. प्रेम सोनवाल, प्रो. मीठालाल मीना, प्रो. शाहिद जैदी, प्रो. शकील अहमद एवं बीएलओ आशीष कुमार जैन, ओमप्रकाश शर्मा, कैलाश चंद सिसोदिया, प्रेमसुख मीना, कैलाश चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।